## एक नजर में

### नगर में बिजली के तारों की बढ़ाई जाए ऊंचाई

**मुलताई।** नगर में मुख्य मार्ग किनारे एवं सडकक क्रास कर रहे बिजली के तारों की उचाई बढाए जाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने एसडीएम को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा है।सौपे गए ज्ञापन में बताया नगर में भाजपा कार्यालय के सामने और पारेगॉव रोड पर बिजली के तार झुल रहे है झुलते हुए बिजली के तारों के संपर्क में कोई बडा वाहन आ जाए तो दुर्घटना होने की अंदेशा है। नगर में नवरात्रि के पर्व के समय देवी की प्रतिमा को लाने में बिजली के तार प्रतिमा को टच होने की संभावना है। नगर में जगह जगह विराजित होने वाली कुछ दुर्गा प्रतिमाओं की उचाई लगभग 17 फुट तक ऊँची है जिससे प्रतिमा बिजली के तारो से टच हो सकती है। नगर में कोई दुर्घटना न हो सके। इस संबध में बिजली कम्पनी कार्यालय में कई बार शिकायत की जिस पर आज तक कोई कारवाई नही हुई। युवाओं ने बिजली कंपनी को झुलते हुये तारो की उचाई बढाने के आदेश देने की मांग की है।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो मवेशियों की मौत

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम चौथिया में बुधवार की दोपहर तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान के खेत में बंधी दो मवेशियों की मौत हो गई। ग्राम चौथिया के पूर्व सरपंच कचरू बारंगे ने बताया बुधवार की दोपहर करीब 2बजे से क्षेत्र में हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से किसान गोदू पिता हीरालाल पाठेकर के खेत मे पेड़ से बंधी दी गर्भवती मवेशियों की मौत हो गई। जिससे किसान को 1लाख 80 हजार रुपए की क्षति हुई है।

### स्कूलों में पहुंचकर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की फाइलों का किया वितरण

**मुलताई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आगामी 7 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित की गईहै ।जिसकी पूर्व तैयारी एवं बच्चों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संबंध में संपूर्ण जानकारी देने एवं परीक्षा फाइलों को प्रत्येक स्कूलों को देने के लिए गायत्री परिवार के सदस्य भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब राव चिल्हाटे के साथ उपजोंन समन्वय समिति सदस्य सम्पत राव धोटे, तहसील समन्वयक नारायण देशमुख, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदास देशमुख ने नगर के प्रत्येक शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यो एवं शिक्षकों से संपर्क कर शत प्रतिशत बच्चों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेने और परीक्षा के माध्यम से अपने नैतिक ज्ञान की वृद्धि करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं सहित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा देने के लिए बच्चों का मनोबल बढ़ाने मार्गदर्शन दिया।

### कढ़ाई गौशाला का निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार बुधवार को पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर और नगर पालिका बैतूल सीएमओ सतीश मत्सानिया ने कढ़ाई गौशाला का निरीक्षण किया।इस अवसर पर सृजन भारती समिति के सदस्य बलराम जसूजा, सचिव विजय हरोडे सहित विभाग की ओर से डॉ. यशपाल सिंह चौहान, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी बैतूल एवं सहायक एवीएफओ विनीत धुर्वे भी मौजूद रहे। गौशाला में घायल और बीमार पशुओं के निरंतर उपचार की सराहना करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अवर्णित नस्ल के सभी सांडों का 100 प्रतिशत बधियाकरण कराया जाए।

# परिवार, राष्ट्र और विश्व निर्माण में नारी शक्ति का योगदान अहम

**बैतूल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व का शुभारंभ किया।**

**केन्द्रीय राज्य मंत्री ने अभियान का किया शुभारंभ**

**ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

इस अवसर पर उन्होंने देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास भी किया। जिसका जिला स्तरीय स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुभारंभ कार्यक्रम बैतूल के जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजातीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त व मध्यप्रदेश जनपरिषद अभियान उपाध्यक्ष मोहन नागर, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, सुधाकर पवार सहित कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी गौतम अधिकारी, सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाडे, नपा सीएमओ सतीश मत्सानिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट, वेबकास्टिंग के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम के दौरान खेल और युवा कल्याण विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिका खिलाड़ियों ने कराते का प्रदर्शन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को




आत्मरक्षा के गुर सिखाएं। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में नारी शक्ति की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। व्यक्ति से लेकर परिवार और समाज से लेकर विश्व निर्माण तक, नारी ही संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की संवाहक रही है। संकट की घड़ी में भी नारी शक्ति ने सदैव नेतृत्व करते हुए धरती को रहने योग्य बनाया है। महिलाएं स्वस्थ होगी तभी व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व निर्माण संभव है। इसी कड़ी में महिलाओं और बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से इस अभियान से जुड़कर लाभ लेने की बात कही।

**स्वस्थ नारी सशक्त परिवार से सशक्त राष्ट्र निर्माण : विधायक डॉ. पंडाग्रे**

विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के माध्यम से हम एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं और बालिकाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार मजबूत बनेगा और मजबूत परिवार ही राष्ट्र की असली शक्ति होता है। उन्होंने सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने और सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठेंगे। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास

कौशल निर्माण के भगवान विश्वकर्मा जी को नमन करते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नगर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। महिलाएं स्वस्थ रहेगी तो घर -परिवार में रौनक रहेगी और समाज समृद्ध बनेगा। साथ ही आने वाली पीढी भी स्वस्थ रहेगी। इसी उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान भी आयोजित किए जाएंगे।

### 375 स्वास्थ्य संस्थाओं में होंगे स्वास्थ्य शिविर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े ने बताया कि जिले की लगभग 375 स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें 319 उप स्वास्थ्य केंद्र, 4 संजीवनी क्लीनिक, 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 1 सिविल अस्पताल शामिल हैं। अभियान के तहत 10 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसमें गैर संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया एवं सिकल सेल रोग की जांच के साथ स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत बीएमआई परीक्षण किया जाएगा। साथ ही संचारी रोगों में क्षय रोग और कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग की जाएगी। महिलाओं के लिए मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की प्रारम्भिक अवस्था में जांच कर समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

## कलेक्टर से मिलने बैतूल ने निकाला पैदल मार्च

**शाहपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मिलने वाले भोजन पानी से परेशान विद्यार्थियों ने निकाला पैदल मार्च विद्यालय के प्रिंसिपल एवं छात्रावास अधीक्षक की गुंडागर्दी एवं मनमानी से परेशान छात्र-छात्राओं को इल्लियां वाली सब्जी एवं जली रोटी दूषित पानी पीने को दे रहे हैं। जिससे अधिकतर छात्र छात्रा बीमार हो चुके हैं। जिसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला आखिरकार परेशान होकर 17 सितंबर बुधवार सुबह 10 बजे फोरलेन के रास्ते कलेक्टर से मिलने बैतूल पैदल निकले। रास्ते



में शासन के अधिकारियों ने रोक कर समस्या पूछी एवं समाधान की उम्मीदें दी। कुछ देर बाद कलेक्टर बरेठा पहुंचकर पूरी समस्या सुनी एवं विद्यालय पहुंचकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का पूरा निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं ने प्रिंसिपल एवं छात्रावास अधीक्षक की गुंडागर्दी की पूरी व्यथा कलेक्टर को सुनाई एवं कई बार परेशानी का सामना झेलना पड़ा। इससे पहले भी शिकायत की, लेकिन कोई निराकरण नहीं निकला।

## प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता संपन्न

**भैसदेही।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में प्राचार्य डॉ जितेंद्र दवंडे के मार्गदर्शन में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। ओजोन दिवस पर रसायन शास्त्र विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ओजोन परत एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे गए। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ओजोन परत के संरक्षण पर विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए। कार्यक्रम में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संगठनों ने किया ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**भैंसदेही।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में 100 वर्षो से प्रज्जवलित अखंड दीप की शताब्दी एवं वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में बैतूल जिले में दिव्य ज्योति कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया जा रहा है।ज्योति कलश यात्रा के भैंसदेही पहुंचने पर सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन के पूर्व अध्यक्ष मनीष नावंगे एवं पदाधिकारियों द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम चौक पर रांगोली, फूल मालाओं और पुष्पवर्षा कर जोरदार



आतिशबाजी से कलश यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर ज्योति कलश पूजन कर मिठाई वितरित की गई। इसके अलावा कौड़ीढाना चौक, सिटी ग्राउंड चौक, पोखरनी, गणेश चौक, शीतला माता चौक के अलावा ग्रामों में भी जोरदार स्वागत किया गया। पूजन-अर्चन के दौरान कुंबी समाज संगठन के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मनीष नावंगे, नप पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, डॉ. इंद्रदेव लिखितकर, प्रमोद कापसे, कमलेश कावडकर, कृष्णा शिंदे सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रही।

## भाजपाइयों ने सेवा कार्य कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**भैंसदेही।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों की शुरुआत नगर में स्थित नमो उपवन में पौधारोपण कर की गई,साथ ही नगर की प्रमुख सड़कों पर जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तत्पश्चात स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किए गए।भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में वृहद स्तर पर मना रही है इस दौरान विशाल रक्तदान शिविर,स्वच्छता अभियान व विभिन्न सेवा कार्य सम्पन्न किए जाएंगे व 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को प्रत्येक बूथ पर आयोजित कर सेवा पखवाड़ा को संपन्न किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवीसिंह ठाकुर,नपाध्यक्ष मनीष सोलंकी,भाजपा नेता प्रदीप सिंह ठाकुर,पूर्व नपाध्यक्ष अनिलसिंह ठाकुर,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, सहीत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम के जन्मदिवस पर पौधारोपण कर की सफाई

**मुलताई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। पखवाडे का शुभारम्भ बुधवार को नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया।वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्म दिवस पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा 75 पौधों का रोपण किया गया द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्म दिवस पर भाजपाइयो द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है द्य बुधवार को नपा अध्यक्ष वर्षा ग ?कर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार,भाजपा नगर मंडल



अध्यक्ष गणेश साहू, सहित स्वच्छता अभियान के संयोजक बब्बल सेवतकर सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा ताप्ती परिक्रमा मार्ग,सूर्यकुण्ड, बस स्टैंड सहित अन्य चौक चौराहे पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके बाद भगत सिंह वार्ड पानी की टंकी के समीप एवं अन्य स्थानों पर 75 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर, पूर्व नपा अध्यक्ष डॉ जीए बारसकर,भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सजल शिवहरे सहित भाजपाइयों की सहभागिता रही।

## करोड़ की लागत से बनी सड़क सालभर में जर्जर

**सारनी।** सड़क निर्माण कार्य में धांधली के आरोपों से नगर पालिका परिषद सारनी घिर गई है। नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग चौदह माह पूर्व करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी मुख्य सड़क, जो सात वार्डों को जोड़ती है, अब जगह-जगह गड्ढों से भर चुकी है। इस कारण आमजन एवं राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों की जानकारी के अनुसार, निर्धारित मानकों के अनुसार सड़क 19 इंच मोटाई में बननी थी, किंतु मात्र 12 से 13 इंच की परत डालकर कार्य पूरा किया गया। गिट्टी की गुणवत्ता व लेयरिंग में अनियमितता बरती गई तथा रोलर से दबाव न देने और ऊपरी कोटिंग लापरवाहीपूर्वक करने के कारण सड़क महज एक वर्ष में ही जर्जर हो गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों की लागत से बनी सड़क का इतनी जल्दी खराब होना भ्रष्टाचार और अनियमितता की ओर संकेत करता है। सूत्रों के अनुसार, ठेकेदार एवं संबंधित इंजीनियरों ने आर्थिक लाभ लेकर निर्माण कार्य में लापरवाही की।

## एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाहपुर।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन एन.एस.एस. छात्रा इकाई प्रभारी डॉ पूनम देशमुख के नेतृत्व में किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। महाविद्यालय परिसर से स्वच्छता रैली का शुभारंभ हुआ। एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा है, एक कदम स्वच्छता की




ओर जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। रैली के माध्यम से छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। रैली के बाद, महाविद्यालय परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने हाथों में झाड़ू और कूड़ादान लेकर महाविद्यालय परिसर की सफाई की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. नीतू जायसवाल ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, युवाओं की भागीदारी से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवाओं ने किया 312 यूनिट रक्तदान

**बैतूल। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान प्रारंभ किया गया।**

**प्रदर्शनी में दिखा मोदी का जीवन संघर्ष**

**शिविर में हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**

भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया एवं नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी




लगाई गई। रक्तदान एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक डॉ योगेश पण्डागरे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, भाजपा जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाडा के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लन कर किया। जिला भाजपा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने तक की यात्रा, उनका जीवन संघर्ष एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। 1965 के युद्ध में सैनिकों की मदद, आपातकाल में भूमिगत होकर आंदोलन को संचालित करने, हिमालय यात्रा से लेकर कन्याकुमारी से श्रीनगर तक भारत एकता यात्रा एवं सोमनाथ से अयोध्या तक रामशिला पूजन यात्रा जैसी घटनाओं को प्रदर्शनी में बखूबी दिखाया गया है।

**समस्या** साल भर पूर्व दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाई थी रोक

# प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहनों का प्रवेश, नहीं हो रहा नियमों का पालन

**मुलताई। नगर के मध्य से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर लगभग एक वर्ष पूर्व दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी ।**

वही दिन के समय सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों को स्मृति भवन के पास से मासोद रोड होते हुए बायपास से निकलना था। इसके साथ साथ दिन के समय भारी वाहनों को लोडिगं अनलोडिंग करने पर प्रतिबंध लगाया गया था। जिसके बाद आज तारीख तक इस ओर प्रशासन का ध्यान नही होने से दिन के समय कई बार इन भारी वाहनों के कारण सडकों बार बार जाम लगता रहता है। वही व्यापारियों के दुकानों के सामनें भारी वाहन लोंडिग अनलोडिंग होते



रहते है जिस पर प्रशासन का कोई ध्यान नही है। नगर के मध्य गुजरने वालो वाहन ,बसों से पूर्व में भी कई बार हादसे हो चुके है जिस बाद भी प्रशासन मौन है वहीं जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नही है।

**क्या इंदौर जैसे हादसे के बाद जागेगा प्रशासन :** बीती रात इंदौर में प्रतिबंधित क्षेत्र में समय से पहले भारी वाहन के चपेट में आकर 3 लोगो की मौत हो गई। जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 पुलिसकर्मियों को निलबिंत कर दिया गया है। नगर में स्मृति भवन के पास चौराहे पर नाका जरूर लगा है, लेकिन उक्त नाके पर भारी वाहनो के प्रवेश को रोकने के लिए कोई पुलिसकर्मी अथवा सुरक्षाकर्मी नही होता है जिसके कारण लगातार भारी वाहन नगर के मध्य से होते हुए गुजरते है। जिसके चलते कोई भी घटना घटित हो सकती है। पवित्र नगरी एवं मॉं ताप्ती का उदगम होने के कारण साल भर प्रत्येक दिवस दिन के समय ताप्ती परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड लगी रहती है। भारी वाहन परिक्रमा मार्ग से होते हुए गुजरते है जिसके चलते कोई अनहोनी घटित हो सकती है।

> मैं अभी नया आया हु। कोई दुर्घटना न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस को ताकीद किया जाएगा।
> **वीरेंद्र जैन,** एसपी, बैतूल

### मुलताई थाने के पास नहीं हे पर्याप्त पुलिस बल

मुलताई थाने में पर्याप्त पुलिस बल नही होने के कारण नाको पर पुलिस कर्मी तैनात नही रहते है वही नागपुर नाके पर बनी पुलिस चौकी पर दिन के समय भी कोई पुलिस कर्मी नही रह पाता है। नगर में थाने पर स्वीकृत पुलिस बल के अनुसार तैनात पुलिस बल की संख्या काफी कम है जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। नगर में टैफिक पुलिस के नाम पर भी कोई पुलिस कर्मी है जिसके कारण ट्रेफिक की स्थिति बद से बदत्तर है जिसके कारण बस स्टेंड, जयस्तंभ चौक, फव्वारा चौक, नागपुर नाका जैसे मुख्य चौराहो पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है।

## सेवा दिवस के रूप में मनाया पीएम का जन्मदिन

**सारनी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर पाथाखेड़ा के शास्त्री नगर स्थित मंदिर परिसर में सेवा कार्यों के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया, वहीं वरिष्ठ नागरिकों को साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को मिठाई बांटकर खुशियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम को अलग-अलग वार्डों में भी सेवा गतिविधियों के माध्यम से ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय अग्रवाल, भाजपा नेता शिबू सिंह, पार्षद अजबराव धोट, बंटी अग्रवाल, जिला



कोषाध्यक्ष बाबू सिंह, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र निगम, शिव गुप्ता, हेमंत साहू, गुड्डू साहू, डॉ. कैलाश मालवीय, रजनीकांत यादव, अनिल वानखेडे राय, अभय जैन, साका भाई, सुरेंद्र साहू, विक्की घमेला, हिमांशु पवार, रोहन भाई, रोहित उईके, सोहन उईके, जितेंद्र महोबे, गज्जू महोबे, दिलीप सिंह धुर्वे, दीपक सिंह, अशोक पवार, शिवम डाकोर, बंटु मकोड़े सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उपस्थित जनसमुदाय ने संकल्प लिया कि सेवा और समाजहित की भावना के साथ कार्य करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के सेवा ही संगठन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।